राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कालेज़ शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/FDP/Training/2019-20/ **1651**; 2019 Date - 18 Dec. 2019

प्राचार्य (संलग्न सूचीनुसार)
राजकीय महाविद्यालय राजस्थान।

विषय :– आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर की ओर से राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को स्वस्थ्य, स्वच्छ, सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण की सुनिश्चितता हेतु महिला संकाय सदस्यों के लिये दो दिवसीय विशेष आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भ में लेख है कि राज्य सरकार के निर्देश बिन्दू की क्रियान्विती/अनुपालना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को स्वस्थ्य, स्वच्छ, सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण की सुनिश्चितता हेतु आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा जयपुर द्वारा बोध शिक्षा समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में **दिनांक 03–04 जनवरी 2020 को दो दिवसीय आवासीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है।** इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संलग्न सूचीनुसार संकाय सदस्यों को नामित कर निर्देशित किया जाता है कि **इन्हें दिनांक 03 जनवरी 2020 को प्रातः 09.00 बजे बोध शिक्षा परिसर, कूकस औधोगिक क्षेत्र जयपुर में उपस्थिति हेतु निर्देशित करें।**
इस संबंध में लेख है कि पुनः निर्देशित किया जाता है कि –

1. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आवासीय है, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण परिसर में रात्रि विश्राम अनिवार्य है। इस प्रयोजनार्थ रात्रि विश्राम हेतु निःशुल्क व्यवस्था आयोजक संस्था द्वारा की जावेगी।
2. सभी प्रशिक्षणार्थियों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है, जिसके लिये किसी भी प्रकार की कोई राशि प्रशिक्षणार्थियो को नहीं देनी है।
3. प्रशिक्षण कार्यक्रम का समय प्रातः 09.00 बजे से सांय 5.30 बजे तक रहेगा। जिसमे किसी भी प्रकार की शिथिलता की अनुमति नहीं होगी। सभी प्रशिक्षणार्थियों की इस कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थिति अनिवार्य है। इस कार्यक्रम की विडियों रिकॉर्डिंग करवायी जानी है ताकि उसे अन्य अवसरों पर प्रशिक्षण हेतु प्रयोग में लिया जा सकेगा।
4. नामित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत उपस्थिति प्रमाण प्रस्तुत करने पर प्रशिक्षण अवधि का कर्तव्य अवकाश स्वीकृत करने की अनुमति प्रदान की जाती है।
5. उपस्थिति प्रमाण प्रस्तुत करने पर संबंधित प्रशिक्षणार्थी/संकाय सदस्य को मूल पदस्थापन महाविद्यालय से यात्रा भत्ता के नियमानुसार पुनर्भरण की अनुमति प्रदान की जाती है।
6. संबंधित प्राचार्य नामित संकाय सदस्य को कार्यमुक्त करते समय कार्यमुक्ति आदेश में प्रशिक्षण समय एवं रिपोर्टिंग समय का स्पष्ट उल्लेख कर निर्देशित कर कार्यमुक्त किया जाना सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार बोरड़ IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

पत्रांक: CCE/ISDC/FDP/Training/2019-20/**1652-53;** Date - 18 Dec. 2019
प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीक शिक्षा राज. जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा राज. जयपुर।
4. वित्तीय सलाहक़ार, आकाशि।
5. निदेशक, बोध शिक्षा समिति, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक एचआरडी, आकाशि।
7. वैब प्रभारी आकाशि को अपलोड करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

18/12/19

डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी नवाचार एवं कौशल विकास

राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

दिनांक 18 दिसम्बर 2019

**पत्रांक: CCE/ISDC/Training/2019-20/ 1651; दिनांक 18 दिसम्बर 2019 के लिये नामित संकाय सदस्यों की सूची**

दिनांक 3–4 जनवरी 2020 को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान एवं बोध शिक्षा समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में महिला संकाय सदस्यों के लिये आयोजित होने वाले आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित महाविद्यालयों से उनके नाम के सम्मुख अंकित संकाय सदस्यों को नामित किया जाता है।

| S. No. | संकाय सदस्य का नाम | राजकीय महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमति किरण चौधरी | राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपाडसिटी |
| 2. | श्रीमति सरिता लीलड़ | राजकीय कन्या महाविद्यालय बाडमेर |
| 3. | श्रीमति, अंजू | राजकीय महाविद्यालय, बायतु |
| 4. | श्रीमति नीलू चौहान | राजकीय महाविद्यालय बाडमेर |
| 5. | श्रीमति ज्योति सिसोदिया | राजकीय महाविद्यालय बाडमेर |
| 6. | श्रीमति पार्वती गोदारा | राजकीय महाविद्यालय, रेवदर |
| 7. | श्रीमति मनीषा | राजकीय महाविद्यालय, रेवदर |
| 8. | डा. वन्दना यादव | राजकीय महाविद्यालय, पिण्डवाडा |
| 9. | डा. राजकुमारी | राजकीय कन्या महाविद्यालय सिरोही |
| 10. | श्रीमति प्रिया | राजकीय कन्या महाविद्यालय सिरोही |
| 11. | श्रीमति रीनू कुमारी | राजकीय महाविद्यालय, जालौर |
| 12. | श्रीमति सोनल मीना | राजकीय महाविद्यालय, आहोर |
| 13. | सुश्री प्रेषिका द्विवेदी | राजकीय महाविद्यालय, नाथद्वारा |
| 14. | सुश्री शिल्पा नागौरी | राजकीय महाविद्यालय, निम्बाहेडा |
| 15. | डा. मीनाक्षी माहुर | राजकीय महाविद्यालय, मण्डफिया |
| 16. | डा. केजल खत्री | राजकीय महाविद्यालय, सीमलवाडा |
| 17. | श्रीमति रितु परमार | राजकीय महाविद्यालय, धरियावद |
| 18. | श्रीमति सुमन रानी | राजकीय महाविद्यालय, खण्डार |
| 19. | श्रीमति नेहा मीना | राजकीय कन्या महाविद्यालय, करौली |
| 20. | श्रीमति सुमित्रा मीना | राजकीय कन्या महाविद्यालय, करौली |
| 21. | श्रीमति ललिता बैरवा | राजकीय कन्या महाविद्यालय, भरतपुर |
| 22. | सुरी रुना सिंह | महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर |
| 23. | श्रीमति सुमन देवी शर्मा | राजकीय महाविद्यालय, बामनवास |
| 24. | श्रीमति हेमलता मीना | राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर |
| 25. | श्रीमति मोनिका | राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर |
| 26. | सुश्री भग्यश्री दमाच्या | राजकीय महाविद्यालय, करौली |
| 27. | सुश्री श्वेता | राजकीय महाविद्यालय, डीग |
| 28. | सुश्री दीपिका | राजकीय महाविद्यालय, डीग |
| 29. | डा. प्रियंका वर्मा | राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा |
| 30. | डा. चंचल गर्ग | राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा |
| 31. | सुश्री प्रीति बैरवा | राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, कोटा |
| 32. | सुश्री मनीषा चौहान | राजकीय महाविद्यालय, पिडावा |

| | | |
|---|---|---|
| 33. | सुश्री इन्दिरा सैनी | राजकीय कन्या महाविद्यालय, झालावाड |
| 34. | सुश्री लक्ष्मीवाई मीना | राजकीय कन्या महाविद्यालय, झालावाड |
| 35. | श्रीमति गुरप्रीत सिंह | राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर |
| 36. | श्रीमति कल्पना चौधरी | राजकीय महाविद्यालय, अनूपगढ |
| 37. | श्रीमति वन्दना देवी | राजकीय महाविद्यालय, अनूपगढ |
| 38. | सुश्री रुपाली सैनी | राजकीय महाविद्यालय, श्रीकरणपुर |
| 39. | डा. ऋचा सेठिया | राजकीय कन्या महाविद्यालय, बीकानेर |
| 40. | श्रीमति नेहा राठौड | राजकीय महाविद्यालय, गुढा |

सभी नामित संकाय सदस्यों की सूचनार्थ लेख है कि –

1. यह आयोजन स्थल जयपुर शहर से लगभग 25 किमी की दूरी पर जयपुर – दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कूकस औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थित है। इस तक पहुंचने के लिये ट्रांसपोर्ट नगर, अजमेरी गेट तथा बडी चौपड आदि स्थानों से पब्लिक ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध रहती है।

2. तथापि, जो संकाय सदस्य जयपुर से होकर जाना जायेंगे उनके लिये प्रशिक्षण स्थल तक जाने के लिये निःशुल्क व्यवस्था करवाई गई है। यह बस शिक्षा संकुल स्थित आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के कार्यालय (ब्लॉक नम्बर 04) के बाहर प्रातः 7.30 बजे उपलब्ध होगी। यहां से यह बस आगुन्तकों को लेकर प्रातः 8.00 बजे रवाना होगी। अतः जो भी सहभागीगण इस निःशुलक सुविधा का लाभ लेना चाहें, उन्हें आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा परिसर में दिनांक 03 जनवरी 2020 की प्रातः 8.00 तक बजे पहुंचना होगा।

3. इसी प्रकार इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की समाप्ति उपरान्त दिनांक 04 जनवरी 2020 को यह निःशुलक परिवहन सुविधा जयपुर तक के लिये उपलब्ध करवाई जायेगी।

4. इस प्रशिक्षण हेतु दिनांक 02 जनवरी की सांयकाल से दिनांक 05 जनवरी 2020 की प्रातः काल तक के लिये प्रशिक्षण परिसर में ही निःशुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्था सभी आमंत्रित संकाय सदस्यों के लिये उपलब्ध करवाई जायेगी। सभी आमंत्रितों के लिये प्रशिक्षण परिसर में प्रवास अनिवार्य है।

5. प्रशिक्षण का समय प्रातः 9.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक रहेगा। अतः सभी आमंत्रितों की इस अवधि में प्रशिक्षण कक्ष में उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

6. सभी नामित प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचना अनिवार्य है। विशेष/आकस्मिक परिस्थिति को छोडकर इसमें किसी भी प्रकार की छूट अनुमत नहीं है।

इस संबंध में किसी भी प्राकर के मार्गदर्शन एव सहायता के लिये कार्यक्रम प्रभारी डा. विनोद कुमार भारद्वाज से उनके मोबाइल नम्बर 9414304650 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**प्रदीप कुमार बोरड, IAS**
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान